तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 3 जुलाई 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 रजगामार की बंद पड़ी कोयला खदान से दोबारा उत्खनन की कवायद पर लगा ब्रेक



## खबर संक्षेप

### सड़क पर मवेशी छोड़ने वालों पर होगी कार्यवाही

**कोरबा।** पालतू मवेशियों को सड़क पर स्वच्छंद विचरण हेतु छोड़ने वाले पशुपालकों को चिन्हांकित कर उन पर दण्डात्मक कार्यवाही नगर निगम द्वारा की जाएगी। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम क्षेत्र के समस्त पशुपालकों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने पालतू मवेशियों को घर पर सुरक्षित रूप से रखें, स्वच्छंद विचरण हेतु सड़कों पर खुला न छोड़े तथा निगम द्वारा की जाने वाली किसी भी प्रकार की दण्डात्मक कार्यवाही से बचें, साथ ही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने व यातायात व्यवस्था को बनाए रखने में अपना सहयोग दें। पशुपालकों द्वारा अपने पालतू मवेशियों को सड़क पर खुला छोड़ दिया जाता है, जिसके कारण सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है, आवागमन बाधित होता है, यातायात व्यवस्था बिगड़ती है, वहीं सड़क दुर्घटनाओं में जान-माल का नुकसान होने व मवेशियों के भी घायल होने की आशंका बनी रहती है।

### डीएपी का विकल्प सिंगल सुपर फास्फेट व एनपीके

**कोरबा।** वर्षा प्रारंभ होते ही जिले में कृषि कार्य जोरो पर है। मौसम की अनुकुल परिस्थिति को देखते हुए इस वर्ष अच्छी फसल होने की संभावना है। जिले में किसानों को सहकारी समितियो के माध्यम से शून्य प्रतिशत ब्याज पर कृषि ऋण, बीज एवं उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जिले के डॅबल लॉक एवं सहकारी समितियों में यूरिया 846, डी.ए.पी. 318, एम.ओ.पी. 64, एस.एस.पी. 449 एवं एन.पी.के. 73 मेट्रिक टन की उपलब्धता है। इसी प्रकार जिले की समितियों मे अब तक कुल 9602 मेट्रिक टन उर्वरक भंडारण कराया जाकर अद्यतन 8183 मेट्रिक टन उर्वरकों का वितरण कृषकों को किया जा चुका है। कृषकों के द्वारा डी.ए.पी के उपयोग को अधिक प्राथमिकता दिया जाता है जबकि इस वर्ष में डी.ए.पी. के सीमित आवक के कारण डी.ए.पी. के स्थान पर अन्य वैकल्पिक उर्वरक यथा सिंगल सुपर फास्फेट, एनपीके लिक्विड एन.पी.के., नैनो डी.ए.पी. का पर्याप्त भंडारण जिले में किया जा रहा है। डी.ए.पी. के विकल्प के रूप में इन उर्वरकों का उपयोग कर कृषक अधिक उपज प्राप्त कर सकते है। एनपीके अमोनियम फास्फेट सल्फेट उर्वरक में नाइट्रोजन 20 प्रतिशत, फास्फोरस 20 प्रतिशत एवं सल्फर 13 प्रतिशत उपलब्ध होता है।

### अष्टान्हिका पर्व आज से होंगे विविध आयोजन

**कोरबा।** बुधवारी बाजार स्थित दिगंबर जैन मंदिर में 3 जुलाई से प्रारंभ होने वाले स्थान अष्टान्हिका महापर्व के प्रारम्भ होने के अवसर पर सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन आर्यिका श्री 105अखंडमति माताजी, आर्यिका श्री 105 अभेदमति माताजी एवं आर्यिका श्री 105 ध्यानमति माताजी के सानिध्य में किया जा रहा है ।जिसकी संपूर्ण तैयारियां दिगंबर जैन मंदिर में हो चुकी है। जैन मिलन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष दिनेश जैन बताया कि 3 जुलाई से लगने वाले अष्टान्हिका महापर्व के शुभ अवसर पर प्रातः 7 बजे से श्रीजी का अभिषेक ,शांतिधारा, एवं श्री विद्यासागर महाराज का पूजन के उपरांत श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ किया जाएगा। जो कि 3 जुलाई से प्रारंभ होकर 10 जुलाई तक प्रातःकालीन बेला में 8 बजे से 10 बजे तक चलेगा। उक्त विधान का संचालन ब्रह्मचारी अंकित जैन शास्त्री द्वारा किया जाएगा। अंकित जैन शास्त्री जी द्वारा सर्वप्रथम पात्र चयन की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी तदोपरांत श्री सिद्धचक्र महामंडलविधान का शुभारंभ किया जाएगा।

# जनपद स्तर पर बने सरकारी भवन को डिस्मेंटल करने की शुरु हुई कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

शहरी क्षेत्र में पुराने शासकीय भवन को डिस्मेंटल करने का कार्य पिछले वर्ष किया गया था। जिनमें स्कूल भवन प्राथमिकता से लिए गए थे। उसी तर्ज पर अब जनपद स्तर पर बने उन शासकीय भवनों को डिस्मेंटल करने की कवायद चल रही है। जिनका उपयोग नहीं हो रहा है। ऐसे भवनों को डिस्मेंटल करने के लिए लोक निर्माण विभाग की रिपोर्ट भी अनिवार्य की गई है।

जनपद पंचायत के अंतर्गत कई ऐसी ग्राम पंचायतें हैं जिनके क्षेत्र में उप स्वास्थ्य केंद्र, पटवारी कार्यालय, ग्राम पंचायत भवन, पुराने स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र के भवन जर्जर हो चले हैं और इन भवनों का अब ग्रामीण स्तर पर उपयोग नहीं हो रहा है। ऐसे भवन की जगह नए भवन बनाने के लिए किसी अन्य स्थान पर निर्माण कार्य किए जाने की बजाए पुराने निर्माण स्थल पर ही नए भवनों के निर्माण की अनुमति दी गई है। इसके लिए सबसे पहले पुराने जर्जर हो चले भवन को डिस्मेंटल करने की आवश्यकता है। ग्रामीण अंचलों में कई ऐसे शासकीय भवन हैं जो जर्जर हैं और फिर भी उनका उपयोग गोदाम के रुप में या किसी अन्य कार्य के लिए किया जाता है। ऐसे भवन में भी सोसायटी भवन शामिल हैं जहां खाद, बीज का भंडारण होता है। इन भवनों का डिस्मेंटल करने के लिए पूर्व में भी जानकारी मांगी गई थी। जनपद सीईओ के द्वारा जो रिपोर्ट भेजी गई थी उसमें पीडब्ल्यूडी से समय अवधि में रिपोर्ट नहीं ली गई थी। इस बार इसे कड़ाई से पालन के निर्देश दिए गए हैं ताकि नए भवन का निर्माण किया जा सके।

## जनपदों से मांगी गई है पुराने भवन की जानकारी

**खास बातें**

- लोक निर्माण विभाग की रिपोर्ट की गई है अनिवार्य
- आंगनबाड़ी से लेकर स्कूल भवन व पटवारी भवन भी शामिल



### पोड़ी और कोरबा ब्लाक में ज्यादा भवन

पुराने ऐसे भवन जिन्हें डिस्मेंटल किया जाना है उनकी संख्या पोड़ी उपरोड़ा व कोरबा विकासखंड में ज्यादा है जिले के ये दोनों विकासखंड का अधिकांश हिस्सा पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण यहां मूलभूत सुविधाओं की कड़ी में शासकीय भवनों का निर्माण प्राथमिकता से किया गया था। जिनमें शिक्षक एवं स्वास्थ्य कर्मचारी आवास भी शामिल थे। इन दोनों ब्लाक का अधिकांश हिस्सा दूरस्थ क्षेत्र होने के कारण आवागमन में भी कर्मचारियों को दिक्कतें होती थी। उनकी आवश्यकता को देखते हुए सरकारी भवन का निर्माण किया गया था। दो दिन पूर्व कलेक्टर ने बैठक लेकर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से जानकारी मांगी है।

## कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज के जलके सर्किल से की गई शुरुआत

# लिफ्टर ड्रोन के माध्यम से जंगल में गिराई जा रही है सीड बॉल, तैयार हो जाएंगे जंगल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जंगल में खाली पड़े जमीन व पहाड़ों में सघन पौधरोपण करने के लिए इस बार कटघोरा वनमंडल में नई पहल की गई है। जहां वन विभाग के अधिकारियों द्वारा लिफ्टर ड्रोन के माध्यम से जंगल में सीड बाल पौधरोपण शुरू किया गया है जिसे पसान रेंज के जल्के सर्किल में शुरुआत की गई है। जिन स्थानों पर पहाड़ों में वन विभाग की टीम नहीं पहुंच सकती है उन स्थानों पर लिफ्टर ड्रोन आसानी से पहुंचकर उन इलाकों में पौधारोपण कर सकती है।

**खास बात**

- जामुन, करंज, नीम जैसे औषधि पौधों को सीड बॉल में किया गया शामिल

उल्लेखनीय है कि वर्षा ऋतु आते ही वन विभाग द्वारा वन विभाग की खाली पड़ी जमीनों पर पौधरोपण किया जाता है और पिछले कई वर्षों से सीड बॉल पद्धति के माध्यम से जंगल की खाली पड़ी जमीन व पहाड़ों में सीड बॉल फेंककर पौधरोपण किया जा रहा है लेकिन कटघोरा वनमंडल अधिकारी कुमार निशांत ने इस बार एक अनोखे तरीके से पौधरोपण करने की दिशा पर पहल की है। भला आप सोच रहे होंगे कि यह कैसा पौधरोपण है तो हम आपको बता दें कि कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज के जलके सर्किल में वन विभाग की टीम ने लिफ्टर ड्रोन के माध्यम से सीड बॉल को जगह-जगह फेंक रही है। जहां जिन स्थानों पर वन विभाग की टीम नहीं पहुंच पा रही है। पहाड़ हो या फिर सघन इलाका हो उन स्थानों में ड्रोन के माध्यम से सीड बॉलों को पहुंचाया जा रहा है और ऊपर से सीड बॉल को ड्रोन से नीचे गिराया जा रहा है ताकि उन स्थानों तक पहुंच सके और उन स्थल पर जमीनों में आसानी से पौधे उग सके और आने वाले दिनों में यह पौधे वृक्ष का रूप लेंगे और लोगों को ऑक्सीजन के साथ उनके पसंद के अनुरूप के फल रूपी पौधे तैयार हो जाएंगे। वन विभाग ने इसकी शुरुआत जलके पसान से की है और आने वाले दिनों में कटघोरा वनमंडल के विभिन्न रेंज में लिफ्टर ड्रोन के माध्यम से सीड बॉल का रोपण किया जाएगा।



लिफ्टर ड्रोन के माध्यम से सीड बॉल रोपण की तैयारी करते वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी।



पहाड़ के ऊपर सीड बॉल गिराता लिफ्टर ड्रोन।

### पहले दिन 15 हजार सीड बॉल फेंकी गई

कटघोरा वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत ने जानकारी देते हुए बताया कि लिफ्टर ड्रोन के माध्यम से कटघोरा वनमंडल में सीड बॉल फेंककर पौधारोपण किया जा रहा है। इस अभियान के तहत पहले दिन ही कटघोरा वनमंडल के जलके पसान सर्किल में लगभग 15 हजार सीड बॉल फेके गए हैं। जिसमें जामुन, करंज सहित अन्य प्रजाति के सीड बॉल शामिल है। आने वाले दिनों में ये सीड बॉल पौधों का रूप धारण करेंगे और पौधों के बाद यह वृक्ष का रुप धारण कर लेंगे।

### क्या होता है सीड बॉल

सीड बॉल पौधरोपण में बीज बॉल को फेंकना शामिल है, जो अनिवार्य रूप से मिट्टी और अन्य सामग्रियों की एक सुरक्षात्मक परत में लिपटे बीज होते हैं। जमीन पर यह विधि व्यक्तिगत खुदाई और रोपण की आवश्यकता के बिना आसान और व्यापक रोपण की अनुमति देती है। बीज बॉल को बंजर भूमि, सड़क के किनारे या यहां तक कि बगीचों में भी विभिन्न स्थानों पर फेंका जा सकता है। जब बीज बॉल को पर्याप्त नमी मिलती है (जैसे बारिश से), तो बीज अंकुरित होते हैं और पौधे बन जाते हैं। बीज बॉल बीज बोने का एक टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल तरीका है, विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहां पारंपरिक रोपण कठिन या अव्यावहारिक है। इनमें बीज, मिट्टी (या कभी-कभी खाद) और अन्य सामग्रियां जैसे लकड़ी का कोयला चूर्ण या बाइंडर शामिल होते हैं जो बीजों की सुरक्षा करने और नमी बनाए रखने में मदद करते हैं।

# बस जा भिड़ी खड़ी ट्रक से, तीन घंटे मशक्कत के बाद निकाला गया यात्री



दुर्घटनाग्रस्त बस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तेज रफ्तार बस अंबिकापुर से रायपुर जा रही थी कि तड़के 4 बजे तेज रफ्तार बस सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा भिड़ी। दुर्घटना में कई यात्रियों को मामूली चोट आयी है जबकि एक यात्री बस में फंस गया था। जिसे कई घंटे की मशक्कत के बाद निकाल लिया गया। पीड़ितों को नजदीक के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि यात्री बस के ड्राइवर और कंडक्टर फरार हो गए। उनकी खोजबीन की जा रही है।

**खास बात**

- बांगो थाना क्षेत्र के बरौदखार के समीप हाइवे में हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार बस क्रमांक जेएच 01 बीएफ 3583 अंबिकापुर से सवारी लेकर रायपुर के लिए रवाना हुई थी। बुधवार की तड़के लगभग 4 बजे यह हादसा बांगों थाना क्षेत्र के बरौदखार में हुआ। जानकारी में बताया गया कि अम्बिकापुर नेशनल हाईवे में बरौदखार के पास ट्रक खड़ा कर चालक आराम कर रहा था। झारखंड के गढ़वा से रायपुर के लिए संचालित होने वाली रात्रिकालीन दुबे ट्रेवल्स की यात्री बस रायपुर की तरफ जाने के दौरान इस इलाके में दुर्घटना का शिकार हो गई। बताया गया कि यात्री बस के चालक के लापरवाही से यह वाहन ट्रेलर के पीछे जा भिड़ा। पता चला कि रात्रि में यात्री बस की स्पीड काफी ज्यादा थी और इसी दरमियान चालक को नींद का झोंका आ गया। जिससे सीधे ट्रक से जा भीड़ी। हादसे में झारखंड निवासी लल्लन ठाकुर नामक युवक बस के कैबिन में फंस गया जबकि बाकि यात्रियों को मामूली चोट आयी है। केबिन में फंसे लल्लन ठाकुर को निकालने के लिए बांगो पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और लगभग 3 घंटे की मशक्कत के बाद लल्लन ठाकुर को बाहर निकाला गया।

# चौपाल लगाकर पुलिस ने साइबर क्राइम को लेकर लोगों को किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के द्वारा सार्वजनिक स्थान में शराब सेवन करने वाले तथा शराब का सेवन कर उत्पात करने वालो के विरूद्ध प्रभावी कानूनी कार्यवाही किये जाने के लिए लगातार निर्देशित किया गया था। इसी कड़ी में मानिकपुर चौकी प्रभारी नवीन पटेल के नेतृत्व में नशाखोरी, सायबर ठगी एवं गुड टच बेड टच के संबंध में जन चौपाल लगाकर आम लोगो को जागरूक किया गया है तथा नवीन पटेल के नेतृत्व में सउनि अमर जायसवाल, कुलदीप तिवारी, प्रधान आरक्षक कमलेश्वर प्रसाद शर्मा, आरक्षक संजय रात्रे, प्रदीप राठौर, संदीप सिंह, ए हितेश राव के द्वारा संदिग्ध स्थान मुढ़ापार, शारदा विहार, नवधा चौक एवं अन्य संदिग्ध स्थानों में अलग-अलग टीम बनाकर दबिस दिया जाकर पृथक पृथक आबकारी एवं कोटपा एक्ट का प्रभावी कार्यवाही किया गया है।



# बारिश से मकान का बरामदा और बाथरुम धराशाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में पिछले 2 दिनों से लगातार हो रही बारिश से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ढोढ़ीपारा भैंसखटाल बस्ती में बारिश से एक घर की छत ढह गई। 1 जुलाई की रात उतरा कुमार के घर में परिवार सो रहा था तभी अचानक लेंटर का बरामदा और बाथरूम धराशयी हो गया।

जिले के अलग-अलग इलाकों में कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश का सिलसिला जारी है। इधर हसदेव नदी का जल स्तर भी बढ़ गया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में भारी बारिश की संभावना जताई है। कोरबा समेत 16 जिलों में येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं ढोढ़ीपारा के भैंसखटाल बस्ती में छत ढहने से हादसे में बाइक, वाशिंग मशीन, पानी टैंक समेत कई सामान दब गए। मामले की जानकारी मिलते ही वार्ड पार्षद लक्ष्मण श्रीवास ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला प्रशासन को सूचित कर पीड़ित परिवार के लिए राहत राशि की मांग की है। पीड़ित परिवार ने बताया कि तीन साल पहले बना यह निर्माण अचानक धंस गया। सौभाग्य से कोई हताहत नहीं हुआ। दूसरी ओर लगातार बारिश के कारण राताखार स्थित हसदेव डेम में जल स्तर बढ़ गया है। इस दृश्य को देखने लोग पहुंच रहे हैं। बारिश ने लोगों के दैनिक जीवन को भी प्रभावित किया है। मंगलवार सुबह कार्यालय जाने वालों और स्कूली बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।



टूटा हुआ मकान।

## दो वर्ष से रुकी हुई थी 90 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया, 30 मार्च तक जमा किए गए थे अभ्यर्थियों के आवेदन

# पुराने आवेदनों से ही होगी स्वामी आत्मानंद स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते दो वर्षों से विषय विशेषज्ञ शिक्षक सहित अन्य विभागीय कर्मियों का संकट झेल रहे स्वामी आत्मानंद स्कूलों में भर्ती की प्रक्रिया शुरु होने की तैयारी चल रही है। पुराने जमा हुए आवेदनों से ही अभ्यर्थियों प्रक्रिया पूरी की जाएगी। 30 मार्च तक आवेदन जमा किए गए थे उन आवेदनों पर ही कार्यवाही किए जाने का निर्णय विभाग के द्वारा लिया गया है।

जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में प्राइमरी कक्षा से लेकर हायर सेकेण्डरी, हाईस्कूल कक्षाओं में शिक्षकों का टोटा बना हुआ है। विधानसभा चुनाव के पूर्व भर्ती की प्रक्रिया शुरु की गई थी जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई। उसके बाद नई सरकार बनने के बाद भर्ती की प्रक्रिया शुरु करते हुए एक बार फिर शिक्षक एवं अन्य विभागीय कर्मियों की भर्ती प्रक्रिया शुरु करते हुए आवेदन मंगाए गए थे लेकिन कुछ अभ्यर्थियों के द्वारा भर्ती प्रक्रिया को लेकर न्यायालय में याचिका दायर कर दी गई थी उसके बाद से भर्ती प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी तब से प्रक्रिया स्थगित थी। शिक्षण सत्र 2025-26 में एक बार फिर 90 पदों में भर्ती प्रक्रिया शुरु की जा रही है लेकिन इसके लिए नए सिरे से आवेदन नहीं मंगाए जाएंगे। पुराने जो आवेदन जमा किए गए हैं उन्हीं से ही भर्ती की प्रक्रिया शुरु की जाएगी। इसके लिए विभागीय स्तर पर निर्णय लिया गया है।





फाइल फोटो

### किसी भी स्कूल में नहीं हैं व्यायाम शिक्षक

सभी 11 स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में व्यायाम शिक्षक भी नहीं हैं जिसकी वजह से स्कूल शिक्षा विभाग के जारी खेल कैलेंडर के अनुसार खेल गतिविधियां भी पूरी तरह सही ढंग से संचालित नहीं हो पाती। नई भर्ती के प्रक्रिया में व्यायाम शिक्षक के पद भी शामिल हैं। इसके अलावा पुस्तकालय अध्यक्ष के भी पद स्वीकृत हुए हैं।

### 1295 पद हैं स्वीकृत

जिले में संचालित 17 स्वामी आत्मानंद स्कूल के लिए कुल 1295 पद स्वीकृत किए गए हैं जिनमें 755 भरे हुए थे। वह भी उस समय जब स्कूल का संचालन शुरु किया गया था। यह संख्या अब और भी कम हो गई है। इन स्कूलों में 635 पद अन्य हिन्दी मीडियम स्कूलों के शिक्षकों के द्वारा प्रतिनियुक्ति से भरे गए हैं। कुछ ऐसे स्कूल हैं जिनमें स्थायी रुप से प्राचार्य की भी भर्ती नहीं हुई है। प्राचार्य पद पर जो भी पदस्थ हैं वे सभी नियमित और पुराने व्याख्याताहीन हैं।

### 17 स्कूल हैं संचालित

जिले में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की संख्या 11 है जिसमें से 3 स्कूलों को सीबीएसई बोर्ड से मान्यता मिली हुई है। शेष सीजी बोर्ड के अंतर्गत संचालित हैं। सभी स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया 2 वर्ष से लंबित होने के कारण स्कूलों की पढ़ाई व्यवस्था के साथ अन्य विभागीय कार्य भी प्रभावित बने हुए हैं। कुछ शिक्षकों के अपने व्यक्तिगत कारणों से अध्यापन कार्य छोड़कर चले जाने से भी शिक्षकों की संख्या कम होती गई है। जिसे इस वर्ष भर्ती प्रक्रिया में पूरा किया जाएगा। जिनमें प्राइमरी स्कूल के सहायक शिक्षक से लेकर मीडिल स्कूल के यूडीटी से लेकर हायर सेकेण्डरी, हाईस्कूल के व्याख्याता स्तर के पद शामिल हैं।

## खबर संक्षेप



### करंट की चपेट में आकर झुलसा ग्रामीण

**बिलासपुर।** राइस मिल में काम करने के दौरान करंट की चपेट में आकर ग्रामीण झुलस गया है। उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। बिल्हा निवासी कुमार बाबू पिता चंद्रभान ने बताया, वह बिल्हा शराब दुकान के पास स्थित एक राइस मिल में काम करता है। बुधवार को मिल में काम करने दौरान वह करंट की चपेट में आ गया। कर्मचारियों के द्वारा मशीन बंद कर बाहर निकाला गया। सूचना पर डायल 112 के द्वारा उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

### जमीन विवाद में पिता पुत्र के साथ मारपीट

**बिलासपुर।** जमीन विवाद में पिता पुत्र के साथ जमकर मारपीट की गई है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, जरहाभाठा कस्तूरबानगर निवासी ओम यादव पिता संतोष यादव ने रिपोर्ट लिखाई। उनके पिता व बुआ के बीच जमीन बंटवारा को लेकर विवाद चल रहा है। उसी रंजिश में 1 जुलाई को दोपहर 12 बजे उनकी बुआ अंजली यादव, फूफा आशीष यादव एवं उसके साथी घर के सामने आकर उसी बात को लेकर विवाद करने लगे। उन्होंने मना किया तो कुकर, प्लास्टिक की पाइप से ओम यादव व उसके पिता के साथ जमकर मारपीट की गई है। पुलिस ने ओम यादव की रिपोर्ट पर जुर्म दर्ज कर लिया है।

### ओडिशा से कार में गांजा लेकर आ रहा युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** ओडिशा से गांजा लेकर आ रहे एक युवक को पुलिस ने पकड़ लिया। उसके पास से 20 किलो गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने युवक को गिरफ्ता कर लिया है। मस्तूरी टीआई हरीशचंद्र टाण्डेकर को सूचना मिली कि एक युवक कार में ओडिशा बरगढ़ से गांजा लेकर रलिया से होकर गनियारी की ओर जा रहा है। उन्होंने रलिया मोड़ पर घेराबंदी कर कार क्रमांक सीजी 10 बीक्यू, 9133 को रोककर पंधी निवासी नीरज वर्मा उर्फ मोनू पिता दिनेश वर्मा 20 साल को पकड़ लिया। कार की तलाशी लेने पर अलग अलग पैकेट में 20 किलो गांजा मिला। पूछताछ में नीरज वर्मा ने गनियारी निवासी विनोद वर्मा के द्वारा गांजा मंगाना बताया गया। पुलिस ने विनोद वर्मा के तलाश में जुट गई है।

### समिति के नियमों में फेरबदल, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** बक्सर राजपूत क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष पर समिति की मूल दस्तावेज से छेड़छाड़ कर कूटरचना कर समिति पर कब्जा करने की कोशिश करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, नेहरू नगर निवासी पुहकल सिंह ठाकुर ने रिपोर्ट लिखाई। उन्होंने अप्रैल 2012 को बक्सर राजपूत क्षत्रिय समाज समिति का पंजीयन रायपुर से कराया था। मूल पंजीयन दस्तावेज में उन्हें अध्यक्ष, रोहन सिंह को महासचिव और सुभाष सिंह को कोषाध्यक्ष के रूप में नामित किया गया था। नियमावली के सभी पन्नों पर इनके हस्ताक्षर भी मौजूद है।

**जवाली नाले पर हुए अवैध निर्माण का मामला** — गुरुवार को फिर से होगी नापजोख, तीन लोगों ने दायर की थी हाईकोर्ट में याचिका

# सीमांकन करने के लिए दिन भर पाइंट खोजती रही, एक इंच भी काम नहीं, वापस लौटी टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जवाली नाले पर हुए अवैध निर्माण को लेकर नगर निगम और राजस्व की टीम एक बार फिर मौके पर पहुंची और सीमांकन की कोशिश की गई। दिन भर की मशक्कत के बाद टीम में शामिल सदस्य सीमांकन का पाइंट ही नहीं खोज पाए। दोपहर बाद शुरू हुई इस प्रक्रिया में एक भी इंच की नाप नहीं हो सकी और इसे बाद के लिए टाल दिया गया।

ज्ञात हो कि निगम ने जवाली नाले पर बनाए गए कब्जों तोड़ने के लिए मार्किंग की है। इसमें तीन लोगों अरूण बोलर, लक्ष्मी सोनी और राजकुमार मिश्रा के भी कब्जे शामिल हैं। इन तीनों ने इसी मार्किंग और तोड़फोड़ के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका पर फैसला देते हुए हाईकोर्ट ने निगम और राजस्व विभाग को सीमांकन करने का आदेश दिया था। ध्यान रहे कि ज्वाली पुल पर बनी सड़क पर सालों से कब्जा कर दुकानें और काम्प्लेक्स बना लिए गए हैं। लगातार शिकायतों के बाद निगम ने दो बार सीमांकन कराया। सीमांकन के दौरान 30 के करीब कब्जे उजागर होने के बाद भी प्रभावशाली लोगों के अवैध निर्माण आज भी जस के तस खड़े हैं। इतना ही नहीं कुछ स्थानों पर तो इन अवैध निर्माणों का काम और तेजी से जारी है। हाल यह है कि जवाली नाले की सड़क के किनारे बने अवैध कमर्शियल काम्प्लेक्स, नजूल भूमि पर हुए कब्जे, और नक्शे के विपरीत खड़ी की गई इमारतें सभी पर निगम की जानकारी होने के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। निगम की पक्षपातपूर्ण कार्रवाई को लेकर गंभीर सवाल भी उठ रहे हैं।

### 3 मीटर तक अतिक्रमण किया गया

ध्यान रहे कि कुछ अवैध कब्जों पर कार्रवाई करते हुए निगम ने बुलडोजर चला दिया, लेकिन अन्य प्रभावशाली लोगों के निर्माणों पर कार्रवाई रोक दी गई। आरोप लग रहे हैं कि निगम प्रशासन रसूखदारों के दबाव में काम कर रहा है। इससे पहले सीमांकन के दौरान नगर निगम व राजस्व विभाग की टीम ने 2 से 3 मीटर तक अतिक्रमण व अवैध निर्माण पर मार्किंग की थी। कई कब्जाधारियों ने तो नाले की बाउंड्री से लेकर बिल्डिंग तक की करीब 3.9 मीटर जमीन और उससे आगे की 11 मीटर जमीन, जो कि नजूल की है, उसे भी कब्जे में ले लिया गया है।



नगर निगम व राजस्व की टीम सीमांकन करते हुए।

### कुछ अतिक्रमण 7 फीट तक किए गए

ज्ञात हो कि नगर निगम और राजस्व विभाग ने एक माह पहले जवाली नाले के दोनों ओर सीमांकन कर अवैध कब्जों की लिस्ट तैयार की थी। इस कार्रवाई में सामने आया कि कई लोगों ने 3 से लेकर 7 फीट तक नाले की जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है। कुछ ने तो नजूल भूमि को भी नहीं छोड़ा। निगम ने सीमांकन के बाद मकानों और दुकानों पर मार्किंग भी की थी। जिनका कब्जा निकल रहा है, उनमें से कई लोगों को नोटिस जारी किया गया था। अब निगम ने हाईकोर्ट के आदेश पर बुधवार को सीमांकन किया जो कि अधूरा रहा।

**बरसते पानी में रैली के रूप में मंगला घाट पहुंचे कांग्रेसजन**

# रेत की कीमत सहित अवैध उत्खनन भंडारण, अरपा में किया जल सत्याग्रह



सेंदरी अरपा रेत घाट पर जल सत्यग्रह करते कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेत माफिया सहित रेत की महंगी कीमत सहित अवैध उत्खनन, भंडारण के खिलाफ एवं रियायती दर पर रेत उपलब्ध कराने की मांग को लेकर बुधवार को कांग्रेस ने अरपा नदी में जल सत्याग्रह किया। मंगला का पाट बाबा सहित अवैध रेत घाट रेत माफिया के लिए जाना पहचाना नाम है। यहां दिन-रात रेत की अवैध खोदाई चल रही है। माफिया का आतंक इतना कि सबकुछ जानने के बाद भी ग्रामीण शिकायत करने से डरते हैं।

बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष विजय केशरवानी की अगुवाई में कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं मंगला के ग्रामीणों ने बरसते पानी में मंगला चौक से पाट बाबा रेत घाट तक पांच किलोमीटर पदयात्रा की। पदयात्रा के बाद अवैध रेत घाट में उतरकर जल सत्याग्रह किया। इस दौरान विजय ने जिला प्रशासन को रेत माफिया पर अंकुश लगाने व जगह-जगह डंप किए गए रेत की जब्ती बनाने की मांग की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी ने ग्रामीणों व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में भवन निर्माण सामग्रियों के दाम पहले से ही सरकार ने तय कर दिया है, जिसमें छड़, सीमेंट व ईंट के दाम प्रमुख है। अचरज की बात है कि राज्य सरकार और जिला प्रशासन ने रेत के दाम तय नहीं किया है, जिसका फायदा रेत माफिया उठा रहे हैं।

बारिश के दिनों में औने-पौने दाम पर बेचते हैं। रेत घाटों पर प्रदेशभर में रेत की खोदाई पर प्रतिबंध लगा हुआ है। इसके बाद भी माफिया रेत की खोदाई कर रहे हैं। इस पर सख्ती के साथ अंकुश लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि रेत माफियाओं पर जल्द अंकुश लगाया जाए और रेत की कीमत तय की जाए। कीमत भी ऐसी कि अपना आशियाना बनाने का सपना देख रहे आम आदमी के बजट के अनुरुप सहजता के साथ उपलब्ध हो जाए।

### जब्त रेत जरुरतमंदों को रियायती दर पर मिलें

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कलेक्टर संजय अग्रवाल व राज्य शासन से मांग की है कि खनिज विभाग, जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा जब्त किए जा रहे रेत को जरुरतमंदों को रियायती दर पर उपलब करा दी जाए। इससे लोगों को कम दाम पर रेत मिल जाएगा और वे अपना रूका काम पूरा कर सकेंगे। इससे माफियाओं की मंशा भी धरी की धरी रह जाएगी। आज के जल सत्याग्रह में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी, राजेंद्र साहू, भुनेश्वर यादव, स्वप्निल शुक्ला, झगरराम सूर्यवंशी, विनोद साहू, जावेद मेमन, अनिल यादव, संध्या तिवारी, शिल्पी तिवारी, भारत कश्यप, अंजू सोनी, सावित्री सोनी, लक्ष्मी गंवाई, पवन साहू, सुनील सोनकर, मोहन श्रीवास, पुष्पेन्द्र साहू, हिमांशु कश्यप, रूपनारायण बच्छ, सुजीत यादव, बबली ख़ान, अशोक तिवारी, नीरज सोनी, मनीष गढ़ेवाल, हितेश देवांगन, भागीरथी यादव, रामप्रकाश साहू, साखन दर्वे आदि उपस्थित थे।

### शंख बजाकर किया आगाज

जल सत्याग्रह आंदोलन की खासियत यह रही कि इसकी शुरूआत शंख फूंककर किया गया। पंडित की मौजूदगी में शंख फूंका गया। शंखनाद सोई हुई सरकार और जिला प्रशासन को जगाने के लिए किया गया। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी ने भी सरकार को नींद जगाने शंख बजाया।

**आवास निर्माण के लिए रियायती दरों पर खरीद सकेंगे गरीब हितग्राही**

# लावारिस हालत में जब्त की गई रेत से प्रधानमंत्री आवास बनाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खनिज विभाग द्वारा जिले में संचालित अवैध भंडारणों से लावारिस हालत में जब्त की गई रेत से प्रधानमंत्री आवास बनाने की तैयारी की जा रही है। इसके अंतर्गत दो तरह की व्यवस्था की जाएगी। पकड़ी गई रेत यदि ग्रामीण क्षेत्र के भंडारण केंद्र की है, तो उसके आबंटन के लिए संबंधित जनपद के सीईओ को रायल्टी पर्ची जारी की जाएगी, जिसे सिर्फ आवास निर्माण के लिए हितग्राहियों को बाजार मूल्य पर बेचा जा सकेगा। इसी तरह शहरी क्षेत्र के भंडारण केंद्र से रेत उठाव के लिए आयुक्त नगर निगम को बाजार मूल्य पर रायल्टी पर्ची जारी की जाएगी।



■ ग्रामीण क्षेत्र के मामलों में संबंधित जनपद सीईओ को जारी होगा रायल्टी पर्ची

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अपना घर बनाने वाले ग्रामीणों के लिए यह एक अच्छी खबर हो सकती है। आवास निर्माण के लिए रेत अब उन्हें सस्ती दरों पर मिल सकेगी। हालांकि सस्ती दरों पर रेत का मिलना उपलब्धता पर निर्भर करता है। कलेक्टर के निर्देशानुसार बीते दिनों खनिज टास्क फोर्स द्वारा रेत के अवैध खनन, परिवहन व भंडारणों पर लगातार कार्रवाई कर रेत माफियाओं की कमर तोड़ी गई थी। इसी कार्रवाई में अवैध भंडारणों के ऐसे मामले जिनमें रेत मालिकों का पता नहीं चला और खनिज विभाग को अज्ञात का प्रकरण दर्ज करना पड़ा है। इस तरह के प्रकरणों से प्राप्त रेत को अब प्रधानमंत्री आवास निर्माण में बाजाार कीमत पर हितग्राहियों को उपलब्ध कराया जाएगा। विभाग के अनुसार आवास के हितग्राहियों को 930 रूपए प्रति ट्रेक्टर की दर पर रेत उपलब्ध कराई जा सकेगी। इसके लिए जनपद सीईओ को रायल्टी पर्ची उपलब्ध करा दी जाएगी, जिससे वे संबंधित हितग्राही को रेत उपलब्ध करा सकेंगे। इसी तरह शहरी क्षेत्रों के अवैध भंडारणों में बनाए गए अज्ञात के प्रकरणों से रेत के उपयोग के लिए नगर निगम आयुक्त व जोन कमिश्नरों को बाजार मूल्य पर रायल्टी पर्ची देने की योजना बनाई गई है। इस रेत का उपयोग नगर निगम क्षेत्र में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए किया जा सकेगा।

### रायल्टी पर्ची जारी करने की योजना

ग्रामीण क्षेत्रों में अज्ञात में बनाए गए अवैध रेत भंडारण से बाजार कीमत पर सिर्फ आवास निर्माण के लिए सीईओ जनपद को एवं शहरी क्षेत्रों के बेनामी अवैध भंडारणों से आयुक्त नगर निगम को बाजार कीमत पर रायल्टी पर्ची जारी करने की योजना बनाई गई है। इस संबंध में कलेक्टर से चर्चा की गई है, उनकी स्वीकृति मिलते ही इसे अमल में लाया जाएगा।

**-रमाकांत सोनी**, जिला खनिज अधिकारी

### दो साल में अवैध भंडारणों के 24 मामले, 13 लाख पेनाल्टी

जिले में पिछले दो सालों में अवैध रेत भंडारणों के 24 मामलों में 13 लाख 30 हजार 640 रूपए की पेनाल्टी वसूल की गई है। इसके अंतर्गत वर्ष 2023-24 में 9 मामले दर्ज कर 5 लाख 78 हजार 280 रूपए की पेनाल्टी वसूली गई। इसी तरह 2024-25 में दर्ज किए गए 15 मामलों में 7 लाख 52 हजार 360 रूपए की पेनाल्टी वसूल की गई है।

## नूतन चौक कांप्लेक्स की 11 और महिला समृद्धि बाजार की 57 दुकानों का आबंटन निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दुकान की ऊंची बोली लगाकर आबंटन राशि जमा नहीं करने वाले नूतन चौक स्थित कांप्लेक्स के 11 दुकानों के आबंटन को निगम द्वारा निरस्त कर दिया गया है। इसी तरह गणेश चौक स्थित महिला समृद्धि बाजार के 57 ऐसे बकायादार जिन्होंने वर्षों से किराया नहीं पटाया है, उनके दुकानों के आबंटन को भी निरस्त किया गया है। निगम कमिश्नर अमित कुमार ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बताया कि इन दुकानों का नए सिरे से आबंटन किया जाएगा।

दरअसल नूतन चौक स्थित आबंटित इन सभी दुकान के आबंटन पाने वालों को निगम ने कई बार पत्र, स्मरण पत्र और नोटिस जारी आबंटन राशि जमा करने को कहा लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया।

### दो साल पहले इन दुकानों का आबंटन हुआ था

दो साल पहले जब इन दुकानों का आबंटन हुआ था तो बोली लगाई गई थी। कई दुकानें 60 लाख से लेकर 80 लाख तक में बिकी थीं। उस दौरान दुकान लेने वालों ने एफडीआर राशि तो जमा की लेकिन आबंटित राशि जमा नहीं की गई। जिसके बाद यह अब यह कार्रवाई की गई। इसी तरह महिला समृद्धि बाजार में कुल 82 दुकाने हैं जिन्हें 2008-09 में आबंटित किया गया था। जिनमें से 57 दुकानों का किराया बकाया था। इन सभी को भी कई बार नोटिस जारी कर किराया जमा करने के लिए नोटिस जारी किया गया था लेकिन ना तो जवाब दिया गया ना ही राशि जमा की गई।

## उधार की रकम वापस मांगने पर मां बेटे को मारा चाकू

**बिलासपुर।** उधार की रकम वापस मांगने पर मां ने सब्जी काटने के चाकू से बेटे के पेट पर हमला कर दिया और बड़े भाई ने हाथ मुक्का से मारपीट की है। पुलिस ने हमलावर मां बेटे के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, मुरूम खदान महामाया आईटीआई के पीछे रहने वाली परमीला यादव ने रिपोर्ट लिखाई। 1 जुलाई की शाम 5.30 बजे उनका पति बैजनाथ यादव अपने बड़े भाई केदारनाथ को देिए उधारी की रकम 6 हजार रुपए वापस मांगने गया था। इससे उनकी सास विमला ने विवाद करते हुए सब्जी काटने के चाकू से उनके पेट में हमला कर दिया और जेठ केदारनाथ ने हाथ मुक्का से मारपीट की है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर मां बेटे के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### टिन का छज्जा निकालकर जूता दुकान में चोरी

**बिलासपुर।** टिन निकालकर जूता दुकान के गल्ले से 35 हजार रुपए नकद चोरी कर लिया गया है। पुलिस चोरों की पतासाजी में जुट गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, अज्ञेय नगर निवासी जितेन्द्र किशनानी पिता विधाराम किशनानी मुंगेलीनाका शेफर्ड स्कूल के सामने जूता दुकान चलाते हैं। 29 जून की रात वे दुकान बंद कर घर चले गए थे। देर रात चोरों ने दुकान के छत की टिन का छज्जा उखाड़कर फाल सिलिंग तोड़कर अंदर घुस गए और गल्ले में रखा 35 हजार रुपए नकद चोरी कर उसी रास्ते से भाग गए। 30 जून को दुकान खोलने पर चोरी की जानकारी हुई। पूर्व में भी उनकी दुकान में डस्टिंग के रास्ते दुकान के अंदर घुसकर चोरी हो चुकी है।

### युवक से मारपीट, 3 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शराब के लिए पैसा नहीं देने पर युवकों ने एक युवक के साथ जमकर मारपीट कर दी थी। पुलिस ने 3 हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, चिंगराजपारा निवासी उमेद राम साहू पिता भकला साहू 55 साल 30 जून की रात 10.30 बजे नगोई उरेहापारा से अपनी बाइक से वापस आ रहे थे। बिजौर के पास तीन युवकों ने जबरिया उन्हें रोककर शराब पीने के लिए पैसा मांगे। मना करने पर जमकर मारपीट कर दी थी। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 126, 2, 119, 1, 296, 115, 2, 351, 2, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर हमलावर रामायण चौक बहतराई निवासी तुषार उर्फ लक्की यादव पिता कृष्ण कुमार यादव 20 साल, प्रहलाद यादव पिता बिसराम यादव 18 साल, सूरज यादव पिता जनकराम साहू 21 साल को गिरफ्तार कर लिया है।

## डिवाइडर पर मिली युवक की लाश



**बिलासपुर।** सिविल लाइन थाने के करीब डिवाइडर पर एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। बीमारी से मृत्यु होने की संभावना जताई जा रही है। रात में उसे पुलिसकर्मियों ने नहीं सोने की हिदायत दी, फिर भी वह डिवाइडर पर सो गया था।

सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने बताया, 2 जुलाई की सुबह सत्यम चौक के पास डिवाइडर में एक युवक मृत मिला है। सूचना पर पुलिस मौके पर जाकर जांच की तो उसके जेब में आधार कार्ड मिला, जिससे की पहचान दुर्ग पद्मनाभपुर निवासी दुर्गेश दास पिता विशाल दास 40 साल के रूप में पहचान हुई। पुलिस ने फोन के माध्यम से परिजन से संपर्क किया तो जानकारी दी गई मृतक पूर्व में बिलासपुर सत्यम चौक क्षेत्र में एक होटल में काम करता था और उसे टीबी एवं लीवर संबंधी गंभीर बीमारी थी। 1 जुलाई की रात वह डिवाइडर पर शर्ट निकालकर बैठा हुआ था। गश्त पर निकली पुलिस टीम द्वारा पूछताछ की गई थी। पूछने पर उसने बताया कि वह मच्छर भगाने के लिए शर्ट का उपयोग कर रहा है। पुलिस द्वारा उसे घर जाने की समझाइश दी गई, जिस पर वह वहां चला गया था। किन्तु कुछ समय पश्चात पुनः उसी स्थान पर लौट आया था। उसके शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस जांच में जुट गई है।

**भिलाई में चल रहा था इलाज**

# पीआईएल फर्नेश ब्लास्ट में एक और मजदूर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नगर के प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड में ढाई माह पूर्व हुए फर्नेश ब्लास्ट मामले में प्लांट के जीएम के बाद दूसरे प्लांट कर्मी ग्राम किरीत निवासी मजदूर सुरेन्द्र चंद्रा की मंगलवार को मौत हो गयी।

उल्लेखनीय है कि विगत 12 अप्रैल शनिवार को अपरान्ह 4 बजे प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड के 15 टन फर्नेश में हुए ब्लास्ट के कारण प्लांट के महाप्रबंधक अनुपचतुर्वेदी की पिछले दिनों उपचार के दौरान हैदराबाद में मौत हो गयी थी। इस हादसे में कुल 13 लोग बुरी तरह झुलस गये थे। सभी को उपचार के लिए रायपुर के नारायणा हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। इनमें से चार की



सुरेन्द्र चंद्रा।

हालत गंभीर होने से उन्हें बेहतर उपचार के लिए एयर लिफ्ट द्वारा हैदराबाद भेजा गयाथा। मामले में कारखाना प्रबंधन की लापरवाही उजागर होने पर औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के निरीक्षक राहुल पटेल की रिपोर्ट पर पुलिस ने कारखाना प्रबंधक के अलावाअधिभोगीसंजय जैन सहित अन्य दो के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 287, 289 एवं(3), 5 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।इस हादसे में प्लांट के जीएम के बाद एक अन्य मजदूर ग्राम किरीत निवासी 29 वर्षीय सुरेन्द्र चंद्रा की मंगलवार को मौत हो गयी। इस तरह हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर दो हो गयी है। बताया जाता है कि हादसे में झुलसे शेष 11 लोगों को उपचार के बाद छुट्टी दे दीगयीहै और वे घर पर रहकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे है।

### शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने पर मारपीट, 2 गिरफ्तार

शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने पर मारपीट की गई है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। घटना शिवरीनारायण थाना की है। मिली जानकारी के अनुसार 1 जुलाई को अनुराग यादव एवं स्वप्निल यादव द्वारा लोहर्सी के चखना दुकान में शराब के लिए रुपए की मांग की गई। वहीं राशि नहीं देने पर आरोपी स्वप्निल यादव व अनुराग यादव द्वारा मारपीट की गई है। मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उक्त कार्रवाई में नरीक्षक भास्कर शर्मा सहित शिवरीनारायण स्टाफ का योगदान रहा।

**रायगढ़ के युवक से धोखाधड़ी का मामला**

# सिम्स के डॉ. बंजारे गिरफ्तार, रायगढ़ पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स के डेमांस्ट्रेटर डॉ. संजय बंजारे और उनकी पत्नी के विरूद्ध हुए एफआईआर के मामले में रायगढ़ पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस आरोपी पति डा. बंजारे को गिरफ़्तार कर रायगढ़ ले गई है।

मामला रायगढ़ के कोतवाली थाना क्षेत्र का है। रेलवे बंगालीपारा निवासी चंदन सिंह ने जरहाभाठा निवासी व सिम्स के डेमांस्ट्रेटर पद पर पदस्थ डॉ. संजय बंजारे व उनकी पत्नी पल्लवी मिश्रा बंजारे के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था। उसने बताया था कि उनकी मुलाकात 2024 में हुई थी। डॉ. बंजारे ने मठपुरैना धरसींवा रायपुर में खसरा नंबर 202/337 रकबा 1250 वर्गफीट जमीन और 850 वर्गफीट में बने घर का सौदा किया था। 47 लाख रूपए में सौदा होने के बाद युवक ने 15 लाख 50 हजार का भुगतान कर दिया। यह राशि नगद, ऑनलाइन और चेक के माध्यम से दी गई और 4 माह बाद रजिस्ट्री करने की बात कही गई। लेकिन समय बीतने के बाद भी बंजारे दंपती ने जमीन की रजिस्ट्री नहीं की है। इसके बाद युवक को पता चला कि उसी जमीन का सौदा तीन और लोगों से भी किया गया है। ऐसे में युवक ने दंपती से रुपए वापस मंगाने हुए दबाव बनाया, लेकिन दंपती ने उसे ही झूठे केस में फंसाने की धमकी दी, उसके बाद पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई।

### चेक हो चुका है बाउंस

डॉ. दंपती ने मामले को दबाने का प्रयास किया। चंदन ने 27 अप्रैल 2025 को फिर से अपने रुपए मांगे तो डॉ. संजय ने बिलासपुर के दयालबंद बुलाया और आईसीआईसीआई बैंक का 15 लाख रुपए का चेक दिया, जिसे चंदन ने 3 मई को रुपए बैंक में जमा किया और चेक बाउंस हो गया। पुलिस ने मामले में आरोपी दंपति के विरूद्ध धारा 3 (5)-बीएनएस, 318(4)-बीएनएस के तहत अपराध कायम कर मामले को विवेचना में लिया था।

### रायगढ़ पुलिस ने की गिरफ्तारी

रायगढ़ की पुलिस बिलासपुर आई थी आरोपी संजय बंजारे को गिरफ्तार किया गया है बिलासपुर के सिविल लाइन थाने में रोजनामचा भी दर्ज किया गया है।

**-एस आर साहू**, टीआई, सिविल लाइन

## खबर संक्षेप

### विषाक्त मशरूम खाकर ग्रामीण बीमार दो बच्चों समेत चार का उपचार जारी




**अम्बिकापुर।** विषाक्त मशरूम खाने से एक ही परिवार के लोग बीमार पड़ गये। बीमार लोगों में से दो बच्चों समेत चार लोगों का उपचार सूरजपुर जिला अस्पताल में जारी है। इनमें से एक बच्चे की हालत गंभीर बताई जा रही है। बता दें कि बारिश का मौसम शुरू होने के साथ ही जंगली खुखड़ी, पुटू और मशरूम खाने वाली की संख्या बढ़ जाती है लेकिन कई बार विषाक्त मशरूम खाने से लोगों की तबीयत खराब हो जाती है। विषाक्त खुखड़ी, मशरूम खाकर बीमार पड़ने के सूरजपुर जिले में कई मामले सामने आ चुके है। इस बीच सूरजपुर जिले के केतका क्षेत्र के ग्रामीण जंगल से मशरूम लेकर आए थे और खाने में उन्होंने मशरूम की सब्जी बनाकर खाई लेकिन उक्त मशरूम विषाक्त था। ऐसे में ग्रामीणों की तबीयत बिगड़ने लगी। पेट दर्द, उल्टी की शिकायत के बाद उन्हें उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल सूरजपुर रिफर कर दिया गया। इस घटना में 35 वर्षीय जयलाल, 30 वर्षीया प्रभावती, 5 वर्षीय आशिक, 3 वर्षीय अजित का उपचार चल रहा है इसमें से बच्चे गंभीर बताए जा रहे है। सीएमएचओ सूरजपुर डॉ. कपिलदेव पैकरा ने बताया कि बीमार ग्रामीणों का उपचार चल रहा है और उनकी स्थिति अब खतरे के बाहर है।

### जंगल में लकड़ी लेने गए ग्रामीण पर भालू ने किया हमला



**लखनपुर।** जंगल में लकड़ी लेने गए ग्रामीण पर भालू ने हमला कर दिया। भालू के हमले में गंभीर रूप से घायल ग्रामीण को वन विभाग द्वारा उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि ग्राम पटकुरा निवासी लालजीत राम मझवार आ. मानसाय मझवार 1 जुलाई की दोपहर 3.30 बजे पटकुरा बीत के कक्ष क्रमांक पी 2206 में जलाऊ लकड़ी लेने गया हुआ था। इसी दौरान जंगल में मौजूद भालू ने ग्रामीण पर हमला कर दिया। शोर मचाने पर भालू ग्रामीण को छोड़कर भाग निकला जिसके बाद ग्रामीण किसी तरह अपने घर पहुंचा और परिजन को मामले की सूचना दी। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद परिक्षेत्र सहायक अरगोती ने निजी वाहन से ग्रामीण को उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है।

### सिर पर हथौड़ी मार कर प्रेमिका की हत्या के मामले में आरोपी को उम्र कैद

**रामानुजगंज।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में सत्र न्यायाधीश द्वारा प्रेम प्रसंग के चलते में प्रेमी द्वारा प्रेमिका को हथौड़ी से सिर में मार कर हत्या के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। जिले के कुसमी थाना अंतर्गत आरोपी मनोज उर्फ इसहाक खाखा के विरुद्ध आईपीसी की धारा 302 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था। मामला जिला एवं सत्र न्यायाधीश में विचाराधीन था मामले में न्यायाधीश हेमंत शर्राफ द्वारा दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के के तहत आजीवन कारावास एवं 500 अर्थदंड की सजा सुनाई। मृतिका सरिता एक्का बेल स्टार माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड कार्यालय कुसमी ब्रांच अकाउंटेंट के पद पर पदस्थ थी। घटना दिनांक 10 अगस्त 2022 को अपने कार्यालय में बैठी थी। इसी दौरान उसके प्रेमी आरोपी मनोज उर्फ इसहाक खाखा आया एवं हथौड़ी से ताबड़तोड़ उसके सिर पर वार कर दिया जिससे वह लहूलुहान हो गई। इलाज के लिए उसे उसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी के बाद मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर एवं वहां भी स्थिति नहीं संभलने की स्थिति में रायपुर रेफर किया गया जहां इलाज के दौरान 17 अगस्त 2022 को उसकी मृत्यु हो गई। आरोपी मनोज सरिता से प्यार करता था वह उसके घर में आना-जाना करता था परंतु आरोपी पहले से शादीशुदा था जिस कारण 9 अगस्त 2022 को उसे आने-जाने से घर वालों ने मना किया जिससे वह काफी गुस्से में था जिसके बाद वह घटना को अंजाम दिया।

### चुमरा जंगल से हटाया गया ग्रामीणों का अवैध अतिक्रमण

**अम्बिकापुर।** वन परिक्षेत्र रामानुजगंज अंतर्गत चुमरा जंगल की 15 एकड़ भूमि पर अतिक्रमण करने वाले 8 ग्रामीणों का कब्जा हटाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया।
चुमरा जंगल के कक्ष क्रमांक 346 की 15 एकड़ वन भूमि पर ग्रामीणों ने मकान व बाड़ी बना लिया था। विभाग द्वारा बार बार नोटिस देने के बावजूद अतिक्रमणकारी वन अधिकार पत्र की उम्मीद से अपना कब्जा नहीं हटा रहे थे। वन मण्डलाधिकारी आलोक कुमार के निर्देश पर विभाग द्वारा पूर्व में अंतिम नोटिस जारी कर भूमि से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे।

## कलेक्टर ने एतमानगर के निर्माणाधीन जल शोधन संयंत्र का किया औचक निरीक्षण

# 385 करोड़ में बनेगा जल शुद्धिकरण संयंत्र 72 हजार 619 घरों तक पहुंचेगा स्वच्छ पेयजल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत ने पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के एतमानगर में निर्माणाधीन जल शोधन संयंत्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परियोजना की वर्तमान प्रगति, निर्माण की समय-सीमा, कार्य में आ रही बाधा एवं समाधान संबंधी उपायों की विस्तृत जानकारी ली। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर श्री क्षितिज गुरभेले, एसडीएम पोड़ी उपरोड़ा श्री टी आर भारद्वाज, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन विभाग के अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने मल्टीविलेज स्कीम परियोजना अंतर्गत निर्माण किए जा रहे 285 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले इस संयंत्र का निर्माण कार्य पूर्ण होने की अनुमानित समय सीमा की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि



निरीक्षण करते कलेक्टर अजीत वसंत।

निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हो एवं निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने निर्माण कार्य मे आने वाली तकनीकी या अन्य समस्या के सम्बंध में अविलम्ब जानकारी देने की बात कही। जिससे समय रहते समस्या का निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि यह परियोजना जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ी पहल है, जिससे जनस्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार आएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय और समयबद्ध प्रयासों से यह कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। गौरतलब है कि एतमानगर समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन इस संयंत्र की जल शुद्धिकरण क्षमता 285 लाख लीटर प्रतिदिन है। लगभग 385 करोड़ की लागत से तैयार की जा रही इस परियोजना के माध्यम से 3 विकासखंडों के 245 गांवों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। योजना के तहत बागों बांध से जल लाकर शोधन केंद्र में शुद्ध कर 742 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन के जरिये 3 विकासखंडों के 245 गांवों में पेयजल आपूर्ति की जाएगी। योजना के अंतर्गत 8 एमबीआर जल टंकियों का निर्माण किया जा रहा है, जिससे 72,619 घरों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।

## डीएसपीएम से 1 अधिकारी 6 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त



सेवानिवृत्त अधिकारी व कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह से जून में वरिष्ठ रसायनज्ञ, कामेश्वर धर दीवान, अनुभाग अधिकारी रेणू भेलवा, वरिष्ठ पर्यवेक्षक, फेबियन गैलियर, सुशांत सरकार, संयंत्र सहायक श्रेणी-दो, एम प्रकाश (स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति), कक्ष सेविका कमला बाई पटेल, भृत्य श्रीमती मीरा त्रिपाठी, अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्ति हुये। इन सभी कर्मियों के सम्मान में समारोह का आयोजन एबी टाईप आवासीय परिसर स्थित सीनियर क्लब में संपन्न हुआ। कार्यक्रम संयंत्र के मुख्य अभियंता संजीव कंसल कि अध्यक्षता में एवं अति. मुख्य अभियंता राजेश्वरी रावत, एल.एन.सूर्यवंशी, सुनील सरना, विजय सेन चौधरी एवं वरि. मुख्य रसायनज्ञ मालती जोशी के विशिष्ट आतिथ्य में तथा कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारी गण, युनियन के पदाधिकारीगण एवं सेवा निवृत्त हो रहे कर्मचारी के परिजनों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं मंचस्थ विशिष्ट अतिथिगण द्वारा सेवानिवृत्ति कर्मियों को पुष्पगुच्छ, प्रशस्ति पत्र एवं कलाई घड़ी, से सम्मानित कर विदाई दी गई।

## राधासागर तालाब के पास फेंकी गई एक्सपायरी दवा से खेल रहे बच्चे



तालाब के पास फेंकी गई मेडिकल वेस्ट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा के राधा सागर तालाब के किनारे बड़ी मात्रा में एक्सपायरी दवाई डंप कर दी गई है। आंगनबाड़ी के बच्चे अब इन दवा से खेल रहे हैं। इस स्थिति में अगर धोखे से बच्चों ने दवाई का उपयोग कर लिया तो लेने के देने पड़ सकते हैं। संभावित खतरे की स्थिति को दूर करने के लिए स्वास्थ्य विभाग और नगर पालिका के अधिकारियों ने गंभीरता नहीं दिखाई है।

आसपास के लोगों ने पूछताछ करने पर बताया कि हाल में ही आंगनबाड़ी के कुछ कार्यकर्ता इस तरह पहुंचे थे और उनके द्वारा बड़ी मात्रा में इस प्रकार की दवाइयां को यह डंप किया गया है। इसमें आयरन के अलावा अन्य क्रांतिकारी की दवाएं शामिल हैं जिनका वितरण विशेष मामलों में महिलाओं और बच्चों को किया जाता है। प्रयास लगाया जा रहा है कि लापरवाही का प्रदर्शन करने पर सही समय पर इन दवाइयां का उपयोग नहीं हो पाया होगा और फिर समय के साथ यह दवाई एक्सपायरी हो गई। इसलिए अब अपनी बला टालने के लिए आंगनबाड़ी के कर्मियों ने ऐसी दवा को इकट्ठा किया और लाकर कटघोरा नगर के राधा सागर तालाब के किनारे डंप कर दिया। हैरान करने वाली बात यह है कि अब आसपास के बच्चे इन्हीं मेडिसिन के साथ खेल कर रहे हैं। उन्होंने मिट्टी का ढेर बनाने के साथ उसे इन्ही दवाओं से डेकोरेट किया है। आशंका जताई जा रही है कि अगर खेलकूद के दौरान बच्चों के द्वारा दवाई का इस्तेमाल कर लिया जाता है तो फिर समस्याएं खड़ी हो सकती है। खबर के अनुसार इस बारे में स्वास्थ्य विभाग और नगर पालिका को अवगत करने पर भी उनकी ओर से इस इलाके में डंप की गई दावों को नष्ट करने की कार्रवाई नहीं की गई है।

## निगम आयुक्त ने अतिवृष्टि, बाढ़ नियंत्रण के लिए अधिकारियों को सौंपे दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आगामी मानसून को देखते हुए अतिवृष्टि, बाढ़ नियंत्रण एवं प्राकृतिक आपदा से बचाव व राहत व्यवस्था के संबंध में निर्धारित कार्य योजना अनुसार कार्य किए जाने हेतु

**खास बात**

- आयुक्त ने जारी किया आदेश साकेत भवन में नियंत्रण कक्ष स्थापित

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने आदेश जारी कर निगम के अधिकारी कर्मचारियों को उनके दायित्व सौंपे हैं तथा दायित्वों का पूरी गंभीरता, कार्यकुशलता व निष्ठापूर्वक निर्वहन के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही निगम कार्यालय साकेत में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है तथा मुख्य बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों हेतु निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सेल्टर केन्द्र निर्धारित किए गए हैं।

नगर निगम क्षेत्र में वर्षा ऋतु के दौरान अतिवृष्टि बाढ़ नियंत्रण, प्राकृतिक आपदा से बचाव व राहत, आकस्मिक घटना की जानकारी उपलब्ध कराने, प्रभावित व्यक्तियों को राहत एवं उनका बचाव कार्य संचालित करने, प्रभावितों को तत्काल सहायता दिए जाने एवं नगर के नाले, नालियों की सफाई व बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु एक सुनियोजित कार्ययोजना तैयार की गई है, जिसके प्रभारी अधिकारी अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ बनाए गए हैं। इसी प्रकार निर्माणाधीन नाले, नालियों में वर्षा ऋतु को देखते हुए पानी के बहाव में निरंतरता बनाए रखने के लिए पानी बहाव के रास्तों में निर्माण सामग्रियों को हटाने की कार्यवाही जोन के सहायक अभियंता सुनिश्चित करेंगे, साथ ही नालियों में निर्मित कच्चे-पक्के अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही भी पूर्ण करेंगे, ताकि पानी के बहाव में निरंतरता बनी रहे। निगम कोरबा क्षेत्र का मुख्य नियंत्रण कक्ष निगम कार्यालय साकेत भवन बनाया गया है, जिसका टेलीफोन नंम्बर 07759-226672 है, मुख्य नियंत्रण कक्ष में स्थापित टेलीफोन अटैंड करने हेतु तीन पालियों में कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

### बाढ़ नियंत्रण के उप प्रभारी नियुक्त

कोरबा जोन हेतु सहायक अभियंता पीयूष राजपूत मोबाईल नम्बर 77730-09922, टीपी नगर जोन हेतु सहायक अभियंता सुनील टांडे मोबाईल नम्बर 97520-94106, कोसाबाड़ी जोन हेतु सहायक अभियंता राहुल मिश्रा मो. न. 94241-41063, रविशंकर शुक्ल जोन हेतु सहायक अभियंता गोयल सिंह विमल मोबाईल नम्बर 79875-76337, बालको जोन हेतु सहायक अभियंता मोतीलाल बरेठ मोबाईल नम्बर 77730-07167, दर्री जोन हेतु सहायक अभियंता यशवंत जोगी मो.नं. 83050-87567, सर्वमंगला जोन हेतु सहायक अभियंता विवेक रिछारिया मोबाईल नम्बर 99813-19786 उप प्रभारी बनाए गए हैं।

### सेल्टर केन्द्र स्थापित

निगम क्षेत्र में मुख्य बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों हेतु सेल्टर केन्द्र बनाए गए हैं, जारी आदेश के अनुसार प्रभावित क्षेत्रवार प्राथ.शाला आ.जा.क. सीतामणी, पूर्व मा. शाला सीतमणी, पूर्व मा.शाला आ.जा.क. मिशन रोड, प्राथ.माध्य.शाला आ.जा.क. रानी गेट के पास, प्राथ.शाला लालघाट, अंबेडकर स्कूल, प्राथ.शाला जोगियाडेरा, कबीर भवन, सुमेधा स्कूल, एसईसीएल स्कूल, शास.प्राथ.शाला प्रेमनगर को सेल्टर केन्द्र बनाया गया है। इसके अतिरिक्त आवश्यकता पड़ने पर प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम को मुख्य सेल्टर केन्द्र के रूप में उपयोग होगा।

प्रोसेस क.487/2025 प्र.क्र. 05B/2024
पेशी तारीख 22/07/2025

**नोटिस**

**न्यायालय संतोष कुमार आदित्य प्रथम अपर जिला न्यायाधीश, कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**मेसर्स विशाल ऑटोमोबाईल्स वगैरह..... आवेदक**
बनाम
**मेसर्स आनंद ऑटोमोबाईल्स वगैरह.. अनावेदक**

उपरोक्त वादी मेसर्स विशाल ऑटोमोबाईल्स वगैरह ने अनावेदक मेसर्स आनंद ऑटोमोबाईल्स वगैरह के विरूद्ध दावा वास्ते न्यायालय श्रीमान प्रथम जिला न्यायाधीश कोरबा छ.ग. में व्यवहार वाद.क. 05बी/2024 प्रस्तुत किया गया है और उक्त आवेदन पत्र की सुनवाई हेतु दिनांक 22/07/2025 तिथि नियत है। अतः स्वंय अनावेदक/प्रतिवादी-1 मेसर्स आनंद ऑटोमोबाईल्स कटघोरा, निवासी नया बस स्टैण्ड कटघोरा तह. कटघोरा जिला कोरबा छ.ग. द्वारा इसके स्वामी एवं संचालक विजय आनंद सिंह आत्मज श्री आनंद पाल सिंह उम्र लगभग 45 वर्ष संचालक आनंद ऑटोमोबाइल्स 2. पबंधक एवं लेखाकार मेसर्स आनंद ऑटोमोबाइल्स कटघोरा निवासी-नया बस स्टैण्ड कटघोरा तह. कटघोरा जिला कोरबा छ.ग. को उक्त प्रकरण के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 22/07/2025 को दिनांक 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना जवाबदावा इस न्यायालय में पेश करें, अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए की जाएगी। नोटः- अगर उक्त पेशी दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस में की जावेगी। आज दिनांक 28/06/2025 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**(संतोष कुमार आदित्य)**
**प्रथम अपर जिला न्यायाधीश कोरबा,**

## बस्ती से लगी कॉलोनी में सफाई व्यवस्था भूली विद्युत कंपनी, बारिश में कचरे के ढेर से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उत्पादन कंपनी के कोरबा पूर्व स्थित पथर्रीपारा कॉलोनी में एनएफ क्वाटर व वार्ड के अन्य हिस्सों में साफ सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। प्रबंधन की कोताही की वजह से जगह जगह कचरों का ढेर लगा है। बारिश के दौरान नालों की सफाई नहीं होने और गंदगी फैलने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है।

शहर के बीच सीएसईबी कॉलोनी स्थित है। उक्त कॉलोनी कई वार्डों की बस्ती से लगी हुई है। कॉलोनी में मूलभूत सुविधा व स्वच्छता की जिम्मेदारी सीएसईबी प्रबंधन की है लेकिन प्रबंधन द्वारा एक वर्ष पहले जहां कांशीनगर की ओर बस्ती होने से दीवार खड़ी करके आवाजाही का रास्ता बंद कर दिया गया तो वहीं अब पथर्रीपारा वार्ड में बस्ती से लगे कॉलोनी में ही सफाई व्यवस्था को ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मानसून



सीएसईबी कालोनी में इस तरह लगी कचरे की ढेर।

लगने के बाद से न तो कॉलोनी में सीएसईबी के सिविल विभाग में नियोजित सफाई कर्मी पहुंच रहे हैं और न ही घरों से निकलने वाले कचरे का उठाव हो रहा है। इस कारण कॉलोनी में जगह-जगह कचरे का ढेर फैला हुआ है। इसी तरह कॉलोनी में मकानों के निस्तार व बारिश के पानी के निकासी के लिए नाली की सफाई नहीं कराई गई है। बारिश में अब जगह-जगह नाली में मलबा जमा होने से लोगों के मकानों में बारिश का पानी घुस जा रहा है। इस वजह से जहां कॉलोनी में निवासरत परिवार परेशान है तो आसपास बस्ती में रहने वाले लोग भी गंदगी के बीच आवाजाही करने को मजबूर हो रहे हैं। एनएफ कॉलोनी निवासी संतोष दास के मुताबिक कॉलोनी में सीएसईबी के सिविल डिपार्टमेंट द्वारा साफ-सफाई नहीं कराए जाने के कारण सड़क के किनारे जगह-जगह कचरा फैला हुआ है। कॉलोनी में निवासरत संजू कुमार के मुताबिक सीएसईबी प्रबंधन द्वारा सौतेला व्यवहार करते हुए वीआईपी रोड के एक ओर पथर्रीपारा बस्ती से लगे एनई और एनएफ कॉलोनी पर साफ-सफाई नहीं कराया जा रहा है तो दूसरी ओर स्थित ऑफिसर्स कॉलोनी समेत अन्य कॉलोनी में दिनभर झाड़ू लगता रहता है। पीने के पानी की सप्लाई में भी भेदभाव किया जाता है।

## त्रिलोकी स्कूल में मनाया गया डॉक्टर डे



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा स्थित त्रिलोकी पब्लिक स्कूल ब्लॉक बी के विद्यार्थियों के द्वारा डॉक्टर डे के अवसर पर सभी शिक्षकों एवं बच्चों के द्वारा द्वारा कटघोरा नगर के सभी हॉस्पिटल में जाकर हॉस्पिटल के डॉक्टरों को कार्ड भेंट कर ससम्मान डॉक्टर डे की बधाई दी, जिसमें कटघोरा के सुप्रसिद्ध डॉक्टरों में सरकारी अस्पताल के डॉ.बी.तिग्गा, डॉ. हिमांशु खुटिया, डॉ.रंजना तिर्की, डॉ. राजदीप, डॉ. राकेश कंवर, डॉ. रुद्रपाल सिंह, डॉ.महेश्वरी, डॉ. श्वेता सोनी, डॉ. दिव्या यादव जीवांश हॉस्पिटल के डॉ. सिलेश्वरी कंवर, हरि कृष्णा हॉस्पिटल के डॉ. कंवर, श्रीश्री नारायणा आयुर्वेदिक क्लिनिक के डॉक्टर इशिका अग्रवाल, डॉ.भूपेंद्र गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे इस अवसर पर डॉ हिमांशु खूंटियां ने बताया कि ये सच है कि हमारा हर समय ऐसा होता हैं कि कब कोई सा इमरजेंसी केश आ जाये हमारे लिए दिन हो या फिर रात हर वक्त हमे तैयार रहना पड़ता है।

## डॉ. शिवानी को मुख्यमंत्री के हाथों मिला नियुक्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा नगर की होनहार बेटी डॉ. शिवानी अग्रवाल जो कि पढ़ाई के छेत्र में शुरू से ही आगे रही है शिवानी ने अपनी पढ़ाई पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रायपुर से अपनी एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की है, पढाई पूरी होने के पश्चात हाल ही में एक आयोजन सम्मान स्नारोह में मुख्यमंत्री के हाथों से डॉ शिवानी अग्रवाल को बॉन्ड ऑर्डर का नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ है यह नियुक्ति पत्र प्रदेश के उन सभी मेधावी विद्यार्थियों को दिया गया है जिन्होंने राज्य की टॉप मेरिट लिस्ट में अपना स्थान प्राप्त कर चुके हैं।




डॉ. शिवानी नगर पालिका परिषद कटघोरा की पूर्व पार्षद श्रीमती ममता अग्रवाल व नगर के प्रतिष्ठित व्यवसाई दुर्गा अग्रवाल की सुपुत्री है यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है निश्चित ही डॉ शिवानी के डॉक्टर की पढ़ाई के पीछे उनके अथक परिश्रम समर्पण और जुनून था जिसके लिए उन्हें यह सम्मान प्राप्त हुआ निश्चित ही जिले के सभी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है। डॉ शिवानी समाज और क्षेत्र के लिए सेवा भाव से काम करने का उनका संकल्प निश्चित ही स्वास्थ्य सेवाओं में एक नई ऊर्जा और उम्मीद लेकर आएगा।

**न्यायालय तहसीलदार दर्री, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

**रा.प्र.क्रं........... श्रेणी बी-121/2024-25**
**ग्राम -अगारखार, तहसील-दर्री, जिला-कोरबा (छग)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हिरदे लाल राठौर पिता बेद प्रसाद राठौर साकिन सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर पश्चिमी कोरबा तहसील-दर्री द्वारा ग्राम सरदार वल्लभभाई पटेल नगर पश्चिम कोरबा, तहसील दर्री स्थित भूमि ख0नं0 462/7 में से आबंटित भूखण्ड/भवन क्रमांक एमआईजी 1/63 रकबा 126 वर्ग मीटर को 30 वर्षीय लीड डीड निष्पादित कर स्वामित्व प्रदान किया गया है जिसे पंजीकृत विलेख के माध्यम से दिनांक 16.03.2022 के माध्यम से फ्री होल्ड कराया जाकर आवेदित भूखण्ड/भवन का स्वामित्व प्राप्त किया गया है जिसे राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराये जाने आवेदन पेश किया है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को दावा-आपत्ति हो तो वह दिनांक 07/07/25 के पूर्व स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से जो कुछ भी हो प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथी के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा-आपत्ति पर किसी प्रकार से कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 27/06/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया जाता है।

**तहसीलदार**
**दर्री, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

100% CAMPUS PLACEMENT

**पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग**
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

**जी.एन.एम. नर्सिंग**
(03 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण



**रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग**
मॉडल टाउन, नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
9300558900, 9300509100

## खबर संक्षेप




### पूर्व माध्यमिक शाला नवापारा में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**कटघोरा।** माध्यमिक शाला नवापारा संकुल रजकम्मा विकासखंड पाली मे शाला प्रवेश उत्सव एवं न्योता भोजन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत नवापारा के सरपंच श्रीमती उर्मिला सिंह एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता नोडल प्राचार्य राजीव जोगी ने की ।बच्चों के चेहरे पर मुस्कराहट देखते ही बन रही थी जब उन्हें अक्षत कुमकुम और तिलक लगाकर संकुल समन्वयक जीवन सिंह मरकाम ने स्वागत किया। तत्पश्चात शासन से प्राप्त पाठ्य पुस्तक जनप्रतिनिधियों द्वारा बच्चों को प्रदान किया गया एवं 24 -25 में टॉप करने वाले बच्चों को अतिथियों द्वारा कंपास बॉक्स और पेन देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम में नेवता भोज का आयोजन किया गया जिसमें खीर पुरी फल पुलाव आदि व्यंजनों का सबने आनंद लिया इससे पहले मां सरस्वती की पूजा विधिवत दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। वंदना एवं स्वागत गीत गाए गए। अतिथियों का स्वागत किया गया कार्यक्रम के अंत में एक पेड़ मां के नाम का रोपण अतिथियों ने किया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष श्रीमती मथुरा बाई वरिष्ठ व्याख्याता पुष्पक साहू, विनोद जायसवाल, श्रीमती कुमुदिनी राम, रविचंद्रा,अनिल कुमार कंवर,जैत राम ध्रुव, हीरामन दास, राजेश बरिहा, श्रीमती अर्चना किंडो, प्रेम बाई खांडे, कुमुदिनी चौबे, देव शरण सिंह आदि शिक्षक एवं गांव के पालक गण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन भुवनेश्वर पटेल एवं आभार संस्था के प्रधान पाठक जीवन सिंह मरकाम के द्वारा किया गया।

### कसनिया स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**कटघोरा।** पटेलपारा स्थित कसनिया स्कूल में सरस्वती मां भारत माता की पूजा करके प्रवेश उत्सव मनाया गया।इस दौरान बच्चों को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर, पुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर रमेश पटेल पार्षद अन्नु अंजना मसीह, अशोक साहू, संकुल सीएसी अवध बिहारी जायसवाल एवं आनंद कंवर सर सहित ग्रामवासियों के साथ प्रवेश उत्सव मनाया।

### हाईस्कूल सलोरा में मनाया गया संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव



**कोरबा।** संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव शासकीय हाई स्कूल सलोरा (क) में बहुत ही उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, शिक्षक, पालक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों के द्वारा नवप्रवेशित विद्यार्थियों को तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहना कर, मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया गया। साथ ही निशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं जाति प्रमाण पत्र वितरण कराया गया। ग्राम पंचायत सलोरा (क)के सरपंच उमेश कुमार तंवर के द्वारा विद्यार्थियों की भविष्य निर्माण पर चर्चा करते हुए उचित मार्गदर्शन दिया गया। प्रभारी प्राचार्य श्रीमती ममता यादव के द्वारा मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा दिए गए संदेश को अक्षर सह वाचन किया गया। मंच संचालन पुरुषोत्तम देवांगन के द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन गुलाब सिंह कंवर सी.ए.सी.द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष एवं सभी सदस्य एवं संकुल के समस्त शिक्षक,शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्त महाप्रबंधक को सांसद ने बधाई दी

**गेवरा दीपका।** दीपका गेवरा क्षेत्र एसईसीएल महाप्रबंधक एसके मोहंती 30 जून को सेवानिवृत्त हुए। कार्यालय व उनके निवास पर बधाई एवं बिदाई दी गई। इसी दौरान सांसद व कोयला सलाहकार समिति सदस्य ज्योत्सना चरणदास महंत ने दूरभाष पर गेवरा क्षेत्र 60 मिलियन टन उत्पादन पर पहुंचाने और कुशल संचालन के लिए बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। इसी कड़ी में सांसद प्रतिनिधि पोषक महंत एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर व संयुक्त महामंत्री रजनीश तिवारी ने निवास पहुंचकर गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी।

## वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से अब तक नहीं मिली स्वीकृति

# रजगामार की बंद पड़ी कोयला खदान से दोबारा उत्खनन की कवायद पर लगा ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल रजगामार बंद पड़ी 6 व 7 भूमिगत खदान से पहले ही दोबारा कोयला उत्खनन शुरु करने की कवायद प्रबंधन ने शुरु दी थी। इसके लिए डायरेक्टर जनरल माइंस आफ सेफ्टी (डीजीएमएस) ने भी अपनी सहमति जता दी है। खदान के संचालन की जिम्मेदारी निजी कंपनी को सौंपी जाएगी। इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया भी शुरु की गई थी साथ ही केंद्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से इसके लिए स्वीकृति भी मांगी गई है। हालांकि स्वीकृति नहीं मिलने की वजह से अब तक खदान में न ही कंटीन्यूस माइनर मशीन उतारा जा सका और न ही कोयला उत्खन्न शुरु किया जा सका।

**खास बात**

- एसईसीएल ने कन्टीन्यूअस माइनर मशीन के जरिए कोयला उत्खनन की बनाई थी योजना

उल्लेखनीय है कि देशभर की 293 भूमिगत कोयला खदानों को अलग-अलग कारणों से बंद कर दिया गया है। इनमें एसईसीएल के 57 खदान शामिल हैं। बंद किए गए खदानों में 20 खदानों से पुनः कोयला उत्खन्न शुरु करने चिंहित किया गया है। एसईसीएल की रजगामार स्थित 6-7 नंबर भूमिगत खदान को वर्ष 2014 में केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से अनुमति नहीं मिलने की वजह बंद करना पड़ा था। इसे एक बार फिर शुरू करने की कवायद शुरु की गई है। एसईसीएल प्रबंधन की जगह इस खदान को आउटसोर्सिंग में दिए जाने की योजना बनाई गई थी। महाराष्ट्र की खनन क्षेत्र में अनुभव रखने वाली तीन कंपनी संचेती माइनिंग, एसएमएस माइनिंग व गो-वाह माइनिंग ने इसमें रूचि भी दिखाई है। इन कंपनियों की टीम भी बंद खदान का जायजा ले चुकी है। एसईसीएल ने अंडरग्राउंड खदानों में 16 कन्टीन्यूअस माइनर (सीएम) मशीन को उतारा है। कन्टीन्यूअस माइनर मशीन की मदद से कोयले की कटिंग कर बाहर निकाला जा रहा है। आने वाले दिनों में कंपनी की योजना 58 कन्टीन्यूअस माइनर और उतारने की है। वही मशीन की एक और खासियत है कि इससे 100 एमएम साइज का कोयला काटकर बाहर निकाला जाएगा। खदान से कोयले का बड़ा टुकड़ा बाहर नहीं आएगा। साथ ही आपको बता दे की कंटीन्यूस माइनर मशीन के इस्तेमाल से 24 घंटे में अधिकतम एक हजार टन कोयला काटकर बाहर निकाला जा सकता है। वर्तमान में भूमिगत खदान में इस्तेमाल होने वाली एसडीएल से रोजाना 150 कोयला को उठाकर कन्वेयर बेल्ट तक पहुंचाया जाता है। जबकि लोड हॉल डंप के जरिए प्रतिदिन अधिकतम 200 टन कोयला फेस से बाहर निकालता है। अभी कोयला कंपनी विश्राम एरिया के गायत्री खदान में कंटीन्यूस माइनर का इस्तेमाल कर रही है।

इसके अलावा दो दिन पहले केंद्रीय राज्य कोयला मंत्री ने चिरमिरी के भूमिगत कोयला खदान में कन्टीन्यूअस माइनर मशीन का उद्घाटन किया। यहां बताना होगा रजगामार की बंद खदान से अभी पानी निकासी का काम चल रहा है। इसके लिए यहां 25 नियमित कर्मचारी पदस्थ किए गए हैं। ये कर्मचारी तीनों शिफ्ट में पानी निकासी के लिए लगाए पंप का संचालन करते हैं। इसके अलावा खदान की निगरानी भी करते हैं। बंद खदान को शुरू करने पहले ही ग्राम सभा का आयोजन किया जा चुका है। वन भूमि का गैर वानिकी प्रयोजन के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लेना होता है। इसके लिए बुलाई गई सभा में प्रबंधन ने अनुसूचित जनजाति व अन्य परंपरागत वन निवासी अधिनियम 2006 के तहत अनुमति ली थी। इस दौरान किसी भी वनवासी की भूमि में पट्टा नहीं दिए जाने की जानकारी दी गई। इसके साथ ही खदान शुरू करने पर सहमति बन गई थी। बावजूद अब तक रजगामार की बंद खदानों से दोबारा कोयला उत्खन्न शुरु नहीं किया जा सका है।



रजगामार स्थित बंद पड़ी खदान।

**सिंघाली सहित अन्य भूमिगत में भी नई तकनीक का इस्तेमाल**

आने वाले दिनों में रजगामार, सिंघाली सहित अन्य भूमिगत कोयला खदानों में खनन के लिए नई तकनीक का इस्तेमाल किया जाना है। रजगामार और सिंघाली खदान भी घाटे में चल रही है। यहां मैन पावर अधिक है और कोयला खनन कम है। स्थिति ऐसी है कि इन दोनों खदानों से कोयला निकालकर यहां काम करने वाले कर्मचारियों का दिया जाना संभव नहीं है।

**बी ग्रेड का कोयला कीमत ज्यादा**

एसईसीएल की गेवरा, दीपका, कुसमुंडा व मानिकपुर खुली खदान से उत्पादित कोयले के मुकाबले रजगामार भूमिगत खदान का कोयला उत्कृष्ट है। यहां से बी ग्रेड का कोयले का उत्खनन होगा। इसकी कीमत 55 सौ रुपये प्रति टन है। इस कोयले का ताप अधिक होता है व राख कम निकलता है। प्रबंधन ने खदान प्रारंभ करने वन विभाग में 25 करोड़ रूपये रक्षा निधि के रूप में जमा कर दी है। बंकर समेत स्ट्रक्चर में रंगरोगन का काम भी चल रहा।

## डस्टबिन नहीं रखने वालों पर निगम करेगा अर्थदण्ड की कार्रवाई



निरीक्षण करते निगम आयुक्त व महापौर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम क्षेत्र के व्यवसायीबंधुओं से अपील करते हुए कहा है कि वे अपनी दुकानों, प्रतिष्ठानों में सूखा व गीला कचरा हेतु पृथक-पृथक दो डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखें, उत्सर्जित कचरे को इन डस्टबिनों में ही डालें, सड़क-नाली व सार्वजनिक स्थानों में कचरा न फेंके। उन्होने कहा है कि निगम द्वारा व्यवसायिक क्षेत्रों में प्रातः व रात्रि को दो समय सफाई की व्यवस्था की गई है, अतः डस्टबिन में संग्रहित कचरे को निगम के रिक्शे व वाहन में ही दें, शहर को साफ-सुथरा रखने व निगम की साफ-सफाई व्यवस्था में अपना सहयोग दें।

**खास बात**

- व्यवसायिक क्षेत्र में रोजाना दो बार सफाई की जाएगी

नियमित साफ-सफाई के साथ-साथ नगर निगम द्वारा क्षेत्र के सभी वार्डों में डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण की पर्याप्त व्यवस्था की गई है, निगम की स्वच्छता दीदियाँ सभी आवासीय व व्यवसायिक क्षेत्रों, बस्तियों व मोहल्लों में सफाई रिक्शों के साथ घर-घर दस्तक देकर कचरे का संग्रहण करती हैं, उक्त कचरे को निगम के एसएलआरएम सेंटरों में लाया जाता है, जहाँ पर कचरे के प्रबंधन की प्रक्रिया पूरी की जाती है, वहीं व्यवसायिक क्षेत्रों में प्रातःकालीन सफाई कार्य के साथ-साथ रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था भी लागू की गई है तथा व्यवसायिक क्षेत्रों में रात्रि के समय भी 9 बजे के बाद साफ-सफाई व कचरे का संग्रहण किया जा रहा है। प्रायः देखा जा रहा है कि व्यवसायिक क्षेत्रों में कतिपय लोगों द्वारा डस्टबिन नहीं रखे जा रहे तथा उत्सर्जित कचरे को सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थान पर डाल दिया जाता है, जिससे शहर की स्वच्छता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, निगम की सफाई व्यवस्था प्रभावित होती है। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने व्यवसायीबंधुओं से दुकानों, प्रतिष्ठानों में सूखे व गीले कचरे हेतु अनिवार्य रूप से 02 डस्टबिन रखने की अपील करने के साथ ही निगम के जोन कमिश्नरों, स्वच्छता से जुडे. अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में सघन अभियान चलाकर निरीक्षण करें कि सभी दुकानों, प्रतिष्ठानों में डस्टबिन रखें गए हैं या नहीं, यदि किसी भी दुकान व प्रतिष्ठान में डस्टबिन नहीं पाए जाते तो संबंधित पर नियमानुसार अर्थदण्ड की कार्यवाही करें तथा यह सुनिश्चित कराएं कि दुकानों में आवश्यकतानुसार सूखे व गीले कचरे हेतु पृथक-पृथक रूप से 02 डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखें जाएं।

# विद्यार्थियों की अब बढ़ेगी पहचान नियमित शिक्षक से पढ़ाई हुई आसान



स्कूल में बच्चों को शिक्षा देता शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इस गांव में शिक्षा की मशाल जल चुकी है स्कूल खोलकर यहां के विद्यार्थियों को शिक्षा से न सिर्फ जोड़ा जा चुका है, अब वर्षों से शिक्षकविहीन इस विद्यालय में नियमित शिक्षक की नियुक्ति से विद्यार्थियों के साथ गांव के लोगों में खुशियों का वातावरण है। शिक्षकविहीन की श्रेणी में आने वाले इस विद्यालय में राज्य शासन के फैसलों के बाद अतिशेष शिक्षको के युक्ति युक्तकरण की अपनाई गई प्रक्रिया ने यहाँ ज्ञान की नई रोशनी और उम्मीदों का दीया जला दिया है।

**खास बात**

- युक्तियुक्तकरण से सुदूरवर्ती गांव सांचरबहार के शिक्षकविहीन स्कूल को मिला शिक्षक

कोरबा ब्लॉक के सुदूरवर्ती ग्राम सांचरबहार ग्राम पंचायत नकिया का आश्रित ग्राम है। इस विद्यालय में वर्षों से नियमित शिक्षक पदस्थ नहीं था। स्कूल खुलने के साथ ही गाँव के लोगों की आस थी कि उनके बच्चे भी सही ढंग से पढ़ाई कर पाएंगे, दुर्भाग्यवश उनकी आस अधूरी ही थी, क्योंकि नियमित शिक्षक नहीं होने का खामियाजा विद्यार्थियों को भुगतना पड़ता था। गांव में रहने वाली वृद्धा मैसो बाई खुश है कि स्कूल को नियमित शिक्षक मिल गया है अब उनका नाती-नतिनी ठीक से पढ़ाई कर पाएंगे। उन्होंने बताया कि रिया और आशीष विद्यालय जाते हैं। गांव की महिला राजकुमारी बाई ने बताया कि उनका बेटा प्रमेन्द्र स्कूल जाता है। पहले आसपास के विद्यालयों से किसी शिक्षक को स्कूल भेजकर काम चलाया जाता था। अब नियमित शिक्षक आ जाने से हम सभी खुश है कि हमारे गांव के स्कूल और बच्चों की नई पहचान बनेगी और उनकी पढ़ाई भी आसान होगी। युक्ति युक्तकरण से इस विद्यालय में नियुक्त सहायक शिक्षक श्री शेखरजीत टंडन ने बताया कि विद्यालय शहर से बहुत दूर है और अभी नई नियुक्ति के साथ ही लेमरू में ठहरने की व्यवस्था कर वहाँ से नियमित विद्यालय आते हैं। उन्होंने बताया कि बारिश में आवागमन थोड़ा चुनौती है, आने वाले समय में रास्ता पक्का हो जाने के साथ ही समस्या दूर हो जाएगी। उन्होंने बताया कि युक्ति युक्तकरण के काउंसिलिंग प्रक्रिया में उन्होंने इस विद्यालय का चयन किया है। विद्यालय में अभी 11 बच्चे दर्ज है और उन्हें खुशी है कि सुदूरवर्ती गाँव सांचरबहार के विद्यार्थियों का भविष्य गढ़ने का उन्हें अवसर मिला। उन्होंने बताया कि इससे पहले दूरस्थ क्षेत्र श्यांग के स्कूल में भी पदस्थ रहकर अध्यापन कर चुके हैं, अब सांचरबहार के शासकीय प्राथमिक शाला में नियुक्त है।

# साफ-सफाई व स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ जीवन की आधारशिला : संजूदेवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बेहतर साफ-सफाई व स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ जीवन व स्वस्थ समाज की आधारशिला है, हम सबको मिलकर स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में स्वच्छ भारत मिशन का ऐतिहासिक अभियान प्रारंभ कराया था, जिसकी गूंज देश के कोने-कोने में आज पूरी ऊर्जा के साथ सुनाई पड़ रही है। आम लोगों में साफ-सफाई व स्वच्छता के प्रति बेहद जागरूकता आई है, लोगों ने स्वच्छता को अपनाया है, जिसके कारण गंदगी से जुड़ी बीमारियों से हमें मुक्ति मिल रही है।

**खास बात**

- महापौर और आयुक्त ने दिलाई स्वच्थता शपथ

उक्त बातें महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ अभियान 2025 के शुभारंभ अवसर पर कही। उन्होंने निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की विशेष उपस्थिति में निर्मला हायर सेकेण्डरी स्कूल कोसाबाड़ी के छात्र-छात्राओं को हाथ धुलाकर एवं स्वच्छता शपथ ग्रहण कराकर अभियान का शुभारंभ कराया। शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता के क्रियान्वयन हेतु सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान का संचालन नगरीय निकाय क्षेत्रों में किया जाना हैं। इस अवसर पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने कहा कि मैं आप सबके पास एक स्वच्छतादूत बनकर एवं स्वच्छता का संदेश लेकर निगम की टीम के साथ आया हूं, आप सब भी स्वच्छतादूत बने तथा अपने घर, गली, मोहल्ले व शहर में स्वच्छता की अलख जगाएं। उन्होंने कहा कि हमें अपने संस्कारों में, अपने स्वभाव में व सभी क्रियाकलापों में स्वच्छता को शामिल करना होगा, एक स्वस्थ देश में ही स्वस्थ मनुष्य निवास करते हैं, वास्तव में स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन का आधार है, वहीं गंदगी बीमारियों का सबसे प्रमुख कारण है। प्राचार्य सिस्टर सोना मैरी ने कहा कि हमारे जीवन में साफ-सफाई व स्वच्छता का अत्यधिक महत्व है, स्वच्छता हमें स्वस्थ जीवन देती है, बीमारियों से दूर रखती है, जिसके परिणाम स्वरूप हम अपने सामाजिक दायित्वों का भी सफल निर्वहन कर पाते हैं।



शपथ लेते छात्र छात्राएं।

**महापौर ने दिलाई स्वच्छता शपथ**

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने विद्यालयीन छात्र-छात्राओं, अध्यापक- अध्यापिकाओं एवं उपस्थित आमजनों को स्वच्छता की शपथ ग्रहण कराई तथा अपने जीवन में सतत रूप से स्वच्छता को अपनाने, अपने हर क्रियाकलापों में साफ-सफाई व स्वच्छता को सर्वोच्च स्थान देने, अपने घर, गली, मोहल्ले व शहर को साफ-सुथरा रखने, सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थान पर कचरा न डालने आदि के संकल्पों को दोहराया।




## कांग्रेस के पूर्व मंत्री की प्रेसवार्ता, 7 जुलाई को रायपुर में होगा आंदोलन

# पहली सरकार जो स्कूल बंद करने, शराब दुकान खोलने की करती है बात : अमरजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जवान, किसान और संविधान तीनों खतरे में है। इसे बचाने मजबूती से प्रयास किया जा रहा है। खेती बाड़ी के सीजन में किसानों के पास न खाद है और न ही बीज। यह पहली सरकार है जो स्कूल बंद करने और शराब दुकान खोलने की बात करता है।

उक्त बातें पूर्व मंत्री अमरजीत सिंह भगत ने जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान कही। श्री भगत ने कहा कि प्रदेश के जनता को न्याय दिलाने के लिए छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 7 जुलाई को सरकार को घेरने का काम कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में होगा। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह पहली सरकार है जिसे कौन चला रहा है यही पता नहीं है। मोदी सरकार ने सीज फायर कर देश के जवानों का अपमान किया है। जब देश का जवान और देशवासी व्यापक कार्यवाही चाह रहे थे तब सीज फायर कर दोनों का अपमान किया गया है। इसके बाद सरकार के मंत्री देश के जवान के खिलाफ ही उल्टा बयानबाजी कर रहे हैं। प्रदेश में जंगल कट रहे हैं, डबल इंजन की सरकार हर मुद्दे पर पूरी तरह से फैल हो गई है। भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार का इंजन फेल हो गया है। इंजन के केवल धुआं निकल रहा हैं। शी भगत ने कहा सुशासन की सरकार केवल भगवान भरोसे चल रही है। इस दौरान पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि हमारे यहां ट्रीपल इंजन की सरकार है बावजूद इसके कोई काम नहीं कर पा रही है। कांग्रेस ने जब गरीबों को पट्टा वितरण किया तो इसे फर्जी पट्टा बताने वाले अब उसी पट्टे पर पीएम आवास बनवा रहे हैं। अभी भी 10 हजार पट्टे की जरुरत है। भाजपा सरकार वायदे के अनुसार गरीबों को पट्टे बांटे।




मीडिया से मुखातिब होते पूर्व मंत्री अमरजीत सिंह व जयसिंह अग्रवाल।

